STRESS

बलाघात

बलाघात से तात्पर्य है भाषा के मौखिक प्रयोग में शब्द के किसी विशेष अंश पर या शब्द समूह में किसी शब्द - विशेष पर बल देना। प्रायः बोलचाल में 'बलाघात' और 'लहजा' का पर्यायवाची शब्दों के रूप में भ्रमपूर्ण प्रयोग किया जाता है। कभी - कभी 'एक्सेंट' का प्रयोग वक्ता के अनुतानगत साँचे के लिए भी किया जाता है।
बलाघात वस्तुतः शब्द अथवा शब्द - समूह के उच्चारण में किसी अंश पर लगाया गया बल है। दूसरे शब्दों में बलाघात एक प्रकार का विशेष बल अथवा प्रमुख आघात है जिसे वक्ता शब्द अथवा शब्द - समूह के किसी अंश पर प्रयुक्त करता है।

बलाघात शिक्षण

अन्य भाषा के शिक्षण में ध्वनियों के उच्चारण के साथ - साथ उस भाषा की प्रकृति के अनुरूप बलाघात - शिक्षण का विशेष महत्व रखता है। बलाघात - शिक्षण में कुछ बातों पर ध्यान देना उचित है —

1. छात्रों को अन्य भाषा में बलाघात के नियमों से परिचित कराना आवश्यक है। इससे शब्दों के सही उच्चारण में उसे सहायता मिलती है। अतः प्रारम्भ से ही इनके शिक्षण पर ध्यान देना आवश्यक है।

Scanned by TapScanner

2. ध्वनि शिक्षण-सम्बन्धी समस्याओं की भाँति बलाघात और लय के शिक्षण में भी एक-एक शिक्षण-बिन्दु के शिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक है। शिक्षण-बिन्दु विशेष पर पर्याप्त अभ्यास कराने के बाद ही अन्य बिन्दुओं को लिया जा सकता है। इसमें भी समस्याओं को अनुस्तरित करना और उन्हें क्रम से सीखाना उचित है।

3. मातृभाषा और अन्य भाषा के बलाघात-साँचों के अन्तर को स्पष्ट करना आवश्यक है। यह चिन्ह विशेष क्रम से बल को द्योतित करते हैं।

4. बलाघात के शिक्षण में अनुकरण-अभ्यास का विशेष महत्त्व है। अध्यापक द्वारा प्रस्तुत किये गए नमूने का छात्र अनुकरण करते हैं। मातृभाषा के बलाघात साँचों के स्थान पर अन्य भाषा के बलाघात साँचों के प्रयोग की आदत उत्पन्न करना जरूरी है। इसके लिए निरन्तर अभ्यास सर्वोत्तम साधन है।

5. बलाघात का अभ्यास टेप की सहायता से भी कराया जा सकता है। अध्यापक द्वारा प्रस्तुत किये गये नमूने को अथवा मातृभाषा के बलाघात को टेप द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। तत्पश्चात् इसके अनुकरण को अभ्यास कराया जाता है। इससे विशेष लाभ अध्यापक को मार्गदर्शन देने का अधिक अवसर मिलता है।

स्पष्ट है कि अन्य भाषा के शिक्षण में बलाघात का व्यवस्थित शिक्षण आवश्यक है जिससे छात्र में इसके प्रयोग की सहज ~~अथवा~~ आदत विकसित हो सके।

Scanned by TapScanner